www.dainikchingari.com
26 जनवरी 1950 को स्थापित
संस्थापक: बाबूसिंह चौहान
बिजनौर : मंगलवार , 27 जनवरी , 2026
अंक- 94 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16+16

# चिंगारी

**गणतंत्र दिवस के मौके** पर कर्तव्य पथ पर दिखी सामरिक सैन्य शक्ति, देश की विभिन्न परंपराओं की झलक




समस्त नगीनावासियों को
गणतंत्र दिवस की दिली मुबारकबाद
ए.के. मुस्लिम इन्टर कॉलेज
(सरायमीर, नगीना)
(कक्षा 1 से 12 तक)
(उत्तम शिक्षा का एक मात्र शिक्षण संस्थान)
डॉ. आलमगीर काजमी
(प्रधानाचार्य)
(एम.ए., बी.एड. एलएल.बी., पीएच.डी.)
9411225911


समस्त क्षेत्रवासियों को राष्ट्रीय पर्व
गणतंत्र दिवस
की दिली मुबारकबाद
मोहम्मद तालिब
( ठेकेदार )


समस्त नगीनावासियों को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
तत्सत हरे राम -राम सवारें सभी काम
राम सिंह मिष्ठान भंडार
( पहाड़ी दरवाजा नगीना )
रोहित कश्यप


समस्त नगीना वासियों को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संघ, नगीना
नफीस अहमद, टिकेंद्र बिश्नोई, सुनील गोयल, सतीश मल्होत्रा ( शेरू ), दिनेश बिश्नोई, सुनील बिश्नोई आदि।


समस्त नगीनावासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सतीश कुमार गौतम
पूर्व विधायक
रोहित रवि
प्रांतीय पार्षद भाजपा


समस्त नगीनावासियों को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
डीवीएम महाविद्यालय एवं टेक्निकल कॉलेज
( कोतवाली रोड नगीना )
डीवीएम इंटर कॉलेज ( अंबेडकर नगर नगीना )
इंजी. अमित गुप्ता
( प्रबंधक )
मोहित गुप्ता
( सचिव )


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
खुशखबरी खुशखबरी खुशखबरी
आपके शहर नगीना में
अपोलो टायर
की एजेन्सी खुल गई है।
अपोलो टायर लेने के लिए सम्पर्क करें।
जमील खान
apollo
TYRES
go the distance
हमारे यहां ट्रक, बस, ट्रैक्टर, कार, बाइक, मेट्रो रिक्शा आदि सभी प्रकार के अपोलो टायर उपलब्ध हैं।
F.K. TYRE HOUSE
M.: 9997572302, 9368296109
Add.: Near Raipur Bus Stand, Nagina (Bijnor) U.P. 246762


सभी नगर वासियों को
सय्यद आसिफ अली की ओर से
गणतंत्र दिवस की दिली मुबारकबाद
सय्यद आसिफ अली
सय्यद जुनैद अली


सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. जी.आर. सैनी
हड्डी रोग विशेषज्ञ
मौहल्ला लाल सराय, नगीना


## गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ पर दिखी सामरिक सैन्य शक्ति, देश की विभिन्न परंपराओं की झलक



**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** सतहत्तरवें गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ पर सोमवार को करीब 90 मिनट की परेड में देश की सैन्य शक्ति , सांस्कृतिक विविधता और प्रगति के पथ पर अग्रसर भारत की विभिन्न लोक कलाओं की खूबसूरत झलक देखने को मिली। इस साल की परेड और झाकियों में %वंदे मातरम% के 150 साल पूरा होने पर इस राष्ट गीत के रचयिता बंकिम चंद चटर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गयीं। इस साल गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ पर दोनों ओर तक की दर्शक दीर्घाओं के पीछे वंदे मातरम के पोस्टर लगाये गये थे। इस बार परेड में कुल 6,065 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और 2,500 कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति से लोगों का मनमोह लिया। इस साल गणतंत्र दिवस के मौके पर समाज के विभिन्न वर्गों के 10,000 लोगों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। परेड का मुख्य केंद्र %वंदे मातरम% के 150 साल पूरे होने का जश्न था, जिसके दो मूल मंत्र स्वतंत्रता और समृद्धि है। कर्तव्य पथ पर वंदे मातरम् की गूंज सुनाई दी और देशभर से आए 2500 कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति के जरिये समां बांधा तथा लोगों को देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया। दर्शकों ने कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति की जमकर सराहना की और तालियों की गड़गड़ाहट से उनकी हौसला अफजाई की। इस साल 18 मार्चिंग दस्तों ने प्रदर्शन किया, जिनमें राजपूत रेजिमेंट, असम रेजिमेंट, जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री, आर्टिलरी रेजिमेंट और सिख लाइट इन्फैंट्री इत्यादि शामिल थी। सतहत्तरवें गणतंत्र दिवस परेड में अग्निपथ बैंड में पहली बार नौ महिला अग्निवीर शामिल हुईं और कुल 72 सदस्यों के बैंड ने साउंड बैरियर ट्यून बजायी। गणतंत्र दिवस के मौके पर पहली बार 13 सैन्य बैंड और यूरोपीय संघ का सैन्य दस्ता शामिल हुआ। भारतीय सेना ने पहली बार सीधा युद्ध डिस्प्ले दिखाया। दो कूबड़ वाले बैक्ट्रियन कैमल, एडवांस्ड सर्विलांस वाली खोजी स्वान और रैप्टर्स पहली बार परेड में शामिल हुए।

### Information

I, Abhishant Chaudhary S/o Lal Singh R/o R.C. Puram Colony, Najibabad Tehsil Najibabad Distt. Bijnor U.P.-246763 declare that in St. Mary's School, Najibabad's record of my son Abhinav Chaudhary. My wife's name Amisha Chaudhary wrongly entered. My wife's correct Name is **Amisha** for future purposes.

**भली लगे या बुरी ...**

## महिलाओं की आर्थिक आज़ादी

आर्थिक आजादी के सवाल यूं तो स्त्री और पुरुष, दोनों के लिए समान रूप से लागू होती है, पर तमाम अर्थों में महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता कहीं ज्यादा मायने रखती है। कुछ वर्ष पूर्व भारत में महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए काम करने वाली संस्था- सेल्फ एम्प्लायड वूमेंस एसोसिएशन की संस्थापक और मैगसेसे अवार्ड विजेता इला भट्ट ने कहा था कि बैंक की पासबुक के बिना स्त्री की आजादी मुमकिन नहीं है। उनका यह कथन भी गौरतलब है कि हमारे देश में कुछ महिलाओं को जब से पासबुक की ताकत हासिल हुई है, उन्होंने दिखा दिया है कि बचत, ईमानदारी और आर्थिक प्रबंधन में उनका कोई सानी नहीं है। देश में सेवा बैंक के माध्यम से पिछले करीब दो दशक में लाखों महिलाओं ने महज सौ पचास रुपये रोज बचाकर वह आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है, जो उन्हें अनुनय-विनय या याचना से कदापि नहीं मिल सकती थी। अलबत्ता, भारतीय परिप्रेक्ष्य में महिलाओं की आर्थिक आजादी पर चिंतन करते वक्त कुछ वास्तविकताओं पर गौर जरूरी है। जैसे, पुरुष-प्रधान समाज में स्त्री की किसी भी प्रकार की स्वतंत्रता के बारे में गंभीरता से नहीं सोचा गया। आर्थिक मामलों से तो उसे दूर रखने की एहतियात आज का तथाकथित आधुनिक पुरुष वर्ग तक बरतता है। ऐसे में, घरों में कैद रहने वाली या आसपास के घरों अथवा खेतों में काम करने वाली 94 फीसद महिलाएं भला कैसे जीवन में किसी सुधार की अपेक्षा कर सकती हैं। यह विडंबना ही है कि बीड़ी बनाने, रंगाई, सिलाई-कढ़ाई, टोकरी की बुनाई, गलियों में फेरी लगाकर सामान बेचने या खेतों में काम करने से होने वाली थोड़ी-बहुत आय पर भी ज्यादातर मामलों में पुरुषों का कब्जा बना रहता है। तमाम महिलाएं अपनी कमाई पति को देकर इस भाव से निश्चिंत रहती हैं कि पैसा घर में ही तो रहा। महिलाओं की आर्थिक आजादी कई कारणों से जरूरी है। जैसे माना जाता है कि पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं का जीवनकाल अधिक होता है। कई मौकों पर पति की मृत्यु के बाद उन्हें शेष जीवन या तो बच्चों के सामने मोहताज बनकर या फिर परित्यक्ता-विधवा के रूप में बिताना पड़ता है। वृंदावन के आश्रमों में रहने वाली हजारों विधवाओं की नारकीय स्थिति को देखने से साफ पता चलता है कि एक विधवा के रूप में तमाम महिलाओं को अत्यधिक तिरस्कृत जीवन इसी कारण जीना पड़ता है, क्योंकि उनके हाथ में थोड़ी भी जमापूंजी नहीं होती।

# यूजीसी का जातीय वैमनस्य को बढ़ावा देने वाला प्रावधान



डा. सुधाकर आशावादी

विश्व भर में विशिष्ट कौशल के आधार पर प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को कड़ी प्रतिस्पर्धा से गुजरना पड़ रहा है। ऐसे में भेदभावपूर्ण शिक्षा नीति के चलते प्रतिभाशाली छात्रों को योग्य होते हुए भी शैक्षिक अधिकारों से वंचित होने के कारण शिक्षा एवं रोजगार के लिए विदेशी विश्व विद्यालयों के माध्यम से महंगी शिक्षा के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। विश्व विद्यालय अनुदान आयोग इस पलायन को रोकने के लिए कोई नियमावली तो नहीं बनाता, वरन् उच्च शिक्षा में जातीय विभेद को बढ़ावा देकर समाज के प्रतिभाशाली छात्रों को जातीय आतंक में धकेलकर शिक्षा का विषाक्त वातावरण बनाने पर तुला है।

यदि ऐसा न होता, तो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना ) विनियम 2026 को दिनांक 13 जनवरी 2026 को अधिसूचित न किया जाता तथा इस विनियम को 2012 से लागू भेदभाव रोधी नियमों का अद्यतन रूप न बताया जाता। नई नियमावली में उच्च शिक्षण संस्थानों में समान अवसर केंद्र स्थापित करने का प्रावधान किया गया है, जिसका उद्देश्य सभी वर्गों के लिए समान अवसर और समावेशन सुनिश्चित करना है। समान अवसर केंद्र के अंतर्गत समिति का गठन संस्थान प्रमुख की अध्यक्षता में किया जाएगा तथा समिति सदस्यों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग तथा महिलाओं का प्रतिनिधित्व अनिवार्य होगा। इस विनियम में पहले केवल अनुसूचित जाति, जनजाति को जातिगत भेदभाव के दायरे में रखा गया था, अंतिम अधिसूचित नियमों में अन्य पिछड़ा वर्ग को जाति आधारित भेदभाव के दायरे में शामिल किया गया है, साथ झूठी शिकायत पाए जाने पर भी झूठे आरोप लगाने वाले को दोषी ठहराए जाने का प्रावधान नहीं है। यदि इस नियमावली का विश्लेषण किया जाए तो स्पष्ट होगा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का यह प्रावधान समाज में भेदभाव को कम करने वाला न होकर भेदभाव को बढ़ावा देने वाले जातीय आधार पर विभाजन की लम्बी लकीर खींचने वाला तथा अनारक्षित वर्ग की जातियों के छात्रों के उत्पीड़न का आधार बनेगा, जिससे देश में बची-खुची अनारक्षित प्रतिभाएं भी उच्च शिक्षा संस्थानों से मुंह फेरने हेतु बाध्य होंगी।



विडंबना है कि एक ओर तो देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से जोड़ने की बात की जाती है, दूसरी ओर उच्च शिक्षा संस्थानों में जातीय आधार पर भेदभाव को बढ़ावा देने वाले प्रावधान लागू करने में संकोच नहीं किया जाता। विश्व के किसी भी कौने में शिक्षा में अनुशासन बनाए रखने के लिए इस प्रकार के भेदभाव पूर्ण प्रावधान दृष्टिगत नहीं होते, जहां ख़ास जातियों के छात्रों को समाज के एक वर्ग के विरुद्ध शिकायतें करके किसी भी प्रकार से दण्डित कराए जाने की व्यवस्था हो। बहरहाल यह चिंताजनक स्थिति है, जो उच्च शिक्षा की गुणवत्ता की अवहेलना करके जातिवादी वैमनस्य को बढ़ावा देने के लिए लागू की गई है।

सर्वविदित है कि प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक सभी संस्थानों में अनुशासन समिति प्रतिवर्ष बनाई जाती है, जिसका कार्य ही शिक्षण संस्थानों में अराजक तत्वों, जातीय आधार पर भेदभाव की शिकायतों का निस्तारण करना होता है। ऐसी स्थिति में जातीय संकीर्णता को बढ़ावा देते हुए जातिगत पूर्वाग्रह के आधार पर आरक्षित वर्ग के छात्रों को अनारक्षित वर्ग के विरुद्ध शिकायतें करने की खुली छूट प्रदान करना क्या शिक्षा व्यवस्था में वैमनस्य और विघटनकारी गतिविधियों को प्रोत्साहन देना नहीं है?

विचारणीय यही है कि वैश्विक परिवेश में जब संकीर्ण जातीयता दम तोड़ रही है, ऐसे में कुछ विशेष जातियों को पीड़ित दर्शाकर तथा ख़ास जातियों को उत्पीड़क दर्शाकर अविवेकपूर्ण प्रावधानों के औचित्य पर ही प्रश्न खड़े होते हैं। ऐसे में प्रश्न यह भी है कि अंग्रेज शासकों की नीति फूट डालो राज करो, के अनुसार धार्मिक आधार पर समाज का बंटवारा किया गया, क्या उसी प्रकार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग संकीर्ण जातीय सियासत करने वाले तत्वों की तरह जातियों में फूट डालकर समाज को टुकड़ों में बांटकर जातिगत वैमनस्य को बढ़ावा देने का प्रयास तो नहीं कर रहा? (विनायक फीचर्स)

# गणतंत्र दिवस पर वर्धमान महाविद्यालय में हुआ भव्य कार्यक्रम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर वर्धमान महाविद्यालय में भव्य एवं गरिमामय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करना तथा भारतीय संविधान के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। सर्वप्रथम देश के संविधान के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए एक संकल्प सभी के द्वारा लिया गया। तत्पश्चात उच्च शिक्षा निदेशक के संदेश का वाचन लेफ्टिनेंट प्रो.जे.के. विश्वकर्मा के द्वारा किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं गुरदीप ,गौरव, इल्मा, तरुण, संध्या, करुणा, वचन, अमृत, निधि ने अपने भाषण, देशभक्ति गीत और कविता के माध्यम से भारत की स्वतंत्रता, बलिदान,भारतीय संविधान, नागरिक अधिकार एवं कर्तव्य पर अपने विचार प्रस्तुत किये। प्रो.शशिप्रभा एवं डॉ. अनूप गुप्ता ने अपने ओजपूर्ण उदबाधन के माध्यम से छात्र-छात्राओं में राष्ट्रीय एकता और लोकतांत्रिक मूल्य की भावना को विकसित किया। महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो. पीतम सिंह एवं प्रो. नारंग ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक उत्सव नहीं है बल्कि यह युवाओं में राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और शैक्षिक, सामाजिक विकास का माध्यम है। अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में गणतंत्र दिवस के महत्व, संविधान की मूल भावना, तथा युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. चारुदत्त आर्य द्वारा किया गया।



# हर नागरिक के मन में देशभक्ति की ज्योति प्रज्वलित रहनी चाहिए- डीएम

## जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कलेक्ट्रेट परिसर में झंडारोहण कर समस्त जिलावासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की दीं शुभकामनाएं

## महामहिम राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रेनिंग एवं कैपेसिटी क्षेत्र में प्राप्त राष्ट्रीय पुरस्कार को किया जनपदवासियों को समर्पित

**बिजनौर ( चिंगारी )। 77वां गणतंत्र दिवस पूरे जिले में बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा प्रातः ठीक 8.30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में झण्डारोहण किया गया।**

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने कलेक्ट्रेट महात्मा विदुर सभागार में आयोजित समारोह में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों को सामूहिक रूप से संकल्प ग्रहण कराया। उसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लेखराज सिंह तथा शहीद परिवार के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में 77वें गणतंत्र दिवस एवं 25 जनवरी, 2026 को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रेनिंग एवं कैपेसिटी क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार उपलब्ध होने की शुभकामनाएं प्रदान कीं और उक्त पुरस्कार को एसआईआर कार्य में सहयोग उपलब्ध कराने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा जनपदवासियों को समर्पित करते हुए कहा कि उनके कठिन परिश्रम, लगन एवं सहयोग के फलस्वरूप ही जिले को इस राष्ट्रीय स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा देश लोकतांत्रिक गणराज्य बना। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है, हमें अपने संविधान पर गर्व होना चाहिए, जो देश के सभी नागरिकों को बराबरी, स्वतंत्रता एवं समान अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने परिवार और अपने समाज में देश के प्रति प्रेम और बलिदान की भावना को जागृत रखने के लिए प्रेरित करना है। हर नागरिक के मन में देशप्रेम की ज्योति प्रज्वलित रहनी चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रशासनिक अधिकारी सलाहुद्दीन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज की छात्राओं द्वारा देश भक्ति के सुंदर गीत प्रस्तुत किये गये। जिलाधिकारी द्वारा गीत प्रस्तुत करने वाली अध्यापिकाओं/छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, अपर जिलाधिकारी वि/रा वान्या सिंह, न्यायिक शरदपाल सिंह, डिप्टी कलेक्टर/ जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालयों के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।



राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए जिलाधिकारी जसजीत कौर।



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लेखराज सिंह तथा सेनानी परिवार की मुखिया को सम्मानित करते हुए जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
फाइनेंस सुविधा
भी उपलब्ध है!

MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
आकर्षक उपहार

XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

# आह भाई खुर्शीद अंसारी!

## .. क़लम जो खामोश हो गई

**जुल्फिकार मंसूरी**

**धामपुर (चिंगारी)।** जो सिखाता था कि सच कैसे लिखा जाता है, आज उसी को शब्दों में समेटना मुश्किल हो रहा है। देश भर में जहां गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुबह से ही उल्लास और उमंग का माहौल बना हुआ था, वहीं धामपुर की पत्रकारिता एवं बिजनौर टाइम्स ग्रुप के लिए यह दिन गहरे ग़म और शोक का पैग़ाम लेकर आया। धामपुर की

### राजनीति से लेकर पत्रकारिता जगत तक शोक की लहर



फाइल फोटो पत्रकार खुर्शीद अंसारी

पत्रकारिता के इतिहास में लगभग पांच दशक तक अपनी सशक्त, निष्पक्ष और बेबाक पहचान बनाने वाले बिजनौर टाइम्स ग्रुप के धामपुर के वरिष्ठ पत्रकार खुर्शीद अंसारी अब हमारे बीच नहीं रहे।

मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा निवासी 65 वर्षीय खुर्शीद अंसारी बीते करीब एक सप्ताह से अस्वस्थ चल रहे थे। सोमवार को मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उनका इंतकाल हो गया। उनके निधन की खबर जैसे ही नगर में फैली, धामपुर शोक में डूब गया। पत्रकारिता जगत ही नहीं, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक और आम नागरिकों के बीच भी शोक की लहर दौड़ गई। उनके मोहल्ले में सन्नाटा पसर गया और ग़म की इस घड़ी में बाजार की कई दुकानों के शटर तक नहीं खुले।

खुर्शीद अंसारी केवल एक वरिष्ठ पत्रकार ही नहीं थे, बल्कि वह एक सादगी पसंद, ईमानदार और कुशल व्यवहार के धनी व्यक्ति के रूप में भी जाने जाते थे। उन्होंने अपने लंबे पत्रकारिता जीवन में सच्चाई, निष्पक्षता और सामाजिक सरोकारों को हमेशा प्राथमिकता दी। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना, जरूरतमंदों के दुख-दर्द में शामिल होना और बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के साथ खड़ा रहना उनकी आदत और स्वभाव में शामिल था। यही वजह रही कि उनके निधन पर मुस्लिम समाज के साथ-साथ हिंदू बिरादरी के लोग भी बड़ी संख्या में उनके परिवार के दुख में शरीक होने पहुंचे।

देर शाम उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। राजनीतिक दलों के नेता, समाजसेवी, वरिष्ठ नागरिक और पत्रकार लगातार पहुंचते रहे और परिजनों को ढांढस बंधाते रहे। हर आंख नम थी और हर जुबान पर एक ही बात थी कि धामपुर की पत्रकारिता ने आज अपना एक मजबूत स्तंभ खो दिया है।

सोमवार को असर की नमाज के बाद स्कूल ग्राउंड के मैदान में खुर्शीद अंसारी की जनाजे की नमाज अदा की गई। जनाजे के दौरान उमड़ी भीड़ इस बात की गवाह थी कि वह केवल एक पत्रकार नहीं, बल्कि समाज के हर तबके के लिए सम्मानित शख्सियत थे। जनाजा उठने के दौरान लोगों की लंबी कतारें नगीना चौराहे तक पहुंच गईं और कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ।

जनाजे की नमाज के बाद उन्हें के.एम कॉलेज के सामने स्थित अंसारियान कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उनके जनाजे में सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन, पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान, धामपुर नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, पूर्व मंत्री नईमुल हसन, सभासद हाजी मुंशी नसीम अंसारी, सभासद वसीम अकरम, सभासद महताब अहमद, अरमान अली, अनिल कुमार एडवोकेट, अचल एडवोकेट, नितिन, सोनू, लालानवीन, ताजिम अंसारी, वसीम अंसारी, डॉक्टर सुफियान, जाकिर कस्सार, शशिकांत शर्मा, नोमान एडवोकेट, असगर अंसारी, अबरार सैफी, पूर्व प्रधान नसीम कस्सार, मास्टर जुबेर, ग्राम पुराना धामपुर के प्रधान कफील अहमद, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महमूद हसन कस्सार, कांग्रेस नगर अध्यक्ष वसी-उर-रहमान, अनिल शर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आदित्य चौहान, नासिर अंसारी, समीम फल वाले, हाजी जाहिद, चांद मोहम्मद, नजाकत, अफजल मंसूरी, वसीम अंसारी, जाकिर कस्सार, शहजाद एडवोकेट, मुसाफिरखाने के अध्यक्ष हाजी आरिफ खान, अल्ताफ अंसारी, इम्तियाज अंसारी, शहजाद अंसारी, डॉक्टर रफत, इंतजार शेख मंत्री सहित नगर के सैकड़ों गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

पत्रकारिता जगत से वरिष्ठ पत्रकार दिनेश चंद नवीन, इकबाल अंसारी, सतीश शर्मा, राहुल श्याम, अभिषेक गुप्ता, नीरज कुमार प्रजापति, शाकिर, शमीम अहमद, साजिद, पत्रकार वसीम शेख, शहबाज अनवर, सुशील रस्तोगी, धर्मवीर सिंह, जुल्फिकार मंसूरी, आसिफ अंसारी, दिनेश प्रजापति, सुमित, डॉक्टर शाहनवाज, अदनान राईन समेत बड़ी संख्या में पत्रकारों की मौजूदगी ने यह साबित कर दिया कि खुर्शीद अंसारी केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक दौर थे।

> **पांच दशक की पत्रकारिता, हजारों सच की लड़ाइयों और अनगिनत सामाजिक सरोकारों के बाद आज धामपुर की पत्रकारिता कुछ ज्यादा ही खामोश हो गई है। गणतंत्र दिवस के दिन तिरंगा तो लहराया, लेकिन धामपुर की पत्रकारिता की आंखें नम रहीं। खुर्शीद अंसारी भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, मगर सच्चाई के साथ खड़े रहने की उनकी विरासत धामपुर की पत्रकारिता को हमेशा राह दिखाती रहेगी। चिंगारी परिवार भी वरिष्ठ पत्रकार खुर्शीद अंसारी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि दिवंगत आत्मा को शांति तथा परिजनों को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करे।**

## सफेद पेंट-शर्ट पहने वो धामपुर का पत्रकार..

**(शहबाज अनवर 'शोबी')**

सफेद पेंट-शर्ट वाला लिबास, घुंघराले बाल और पुरानी फिल्मों के कलाकारों जैसा कर्रा सुंदर चेहरा। नव्वे के दशक में धामपुर में एक स्थानीय पत्रकार बहुत एक्टिव थे। हर घटना की जगह वह दिखते थे, ये खुर्शीद अंसारी थे। ये वो दौर था जब स्थानीय पत्रकारों में सत्यराज, खुर्शीद खान, सुशील अग्रवाल, विजय शर्मा, गजेंद्र सिंह एडवोकेट, महेंद्र सलूजा, महेश शर्मा, सतीश शर्मा, समीउल्लाह, पंकज भारद्वाज के अलावा कुछ चुनिंदा पत्रकारों का समूह सक्रिय था। खुर्शीद अंसारी अपनी बेबाकी, सूझबूझ और मेहनत के लिए जाने जाते थे। उनकी एक विशेषता ये रही कि अपनी ज़िन्दगी का पत्रकारिता का लंबा सफर सिर्फ बिजनौर टाइम्स समूह के लिए तय किया। खुर्शीद अंसारी अब कभी वापस नहीं आएंगे, लेकिन शहरवासियों के ज़ेहन में उनकी यादें अमिट हैं। उनकी पत्रकारिता का दौर वर्तमान तक जारी था, हालांकि उम्र वाली जिस्मानी थकन, बीमारियां उन पर ग़ालिब होने लगी थीं, पर पत्रकारिता का उनका जुनून अभी भी जारी था। हकीम नक़ी के खानदान से ताल्लुक़ रखने वाले पत्रकारों में उनके भाई मेहताब अंसारी भी थे। उनकी भी मौत कुछ वर्ष पूर्व हो चुकी है। थाना कोतवाली से थोड़ा आगे उनके कार्यालय के निकट उनकी प्रेस लिखी बाइक अक्सर खड़ी दिखती थी, संकरे ज़ीने से होकर अक्सर लोग उनके कार्यालय तक पहुंचते थे, पर अब ये जगह सूनी हो जाएगी, यहां न खुर्शीद अंसारी दिखेंगे न कार्यालय में पड़ी टेबल।

**अलविदा अंसारी साहब!**

# गढ़वाल सर्वोदय मंडल ने मनाई स्व. मान सिंह रावत की जयंती

### उनके समाजसेवी कार्य की जानकारी दी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** गढ़वाल सर्वोदय मंडल की ओर से रविवार को बोक्सा जनजाति बालिका विद्यालय हल्दूखाता में आयोजित कार्यक्रम में सर्वोदय सेवक स्व. मान सिंह रावत की 98वीं जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर गढ़वाल सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्रलाल आर्य ने स्व. मान सिंह रावत के सामाजिक कार्यों, गांधीवादी विचारों, शराबबंदी आंदोलन आदि की चर्चा करते हुए कहा कि समाज मान सिंह रावत का ऋण नहीं उतार सकता। कण्वाश्रम ग्राम स्वराज समिति के सचिव नेत्र सिंह रावत ने उनके सीमित संसाधनों में अपना जीवन निर्वाह करने की आदतों को उनके जीवन की वास्तविक घटनाओं के माध्यम से साझा किया। मान सिंह शशिप्रभा सर्वोदय सेवा ट्रस्ट के सचिव दीपक कुकरेती एवं डू समथिंग सोसाइटी के अध्यक्ष प्रकाशचंद्र कोठारी ने मान सिंह रावत के नशा मुक्त उत्तराखंड के लिए किये गये प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर शूरवीर सिंह खेतवाल, विजेंद्र सिंह रावत, यशपाल सिंह बिष्ट, स्नेहदीप रावत, गौरव रावत, मंजू देवी, आशा देवी, प्रीति, बबीता, आकाशदीप और दिव्यांश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मतदाता दिवस पर हुई चित्रकला प्रतियोगिता

**कोटद्वार (चिंगारी)।** जानकीनगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता संयोजक आचार्य रोहित बलोदी ने बताया कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में आयुषी बडोला प्रथम, गौरव सैनी एवं गरिमा नेगी द्वितीय तथा योगेश व केशव पंवार तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में अपर्णा ने पहला, सार्थक काला ने दूसरा और आरोही ध्यानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं केवल सीनियर वर्ग के लिए आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में गुंजन एवं अखिल प्रथम, हरजीत द्वितीय एवं प्रियांशी तृतीय स्थान पर रहे। बताया कि विजेता प्रतिभागियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

# बीएल लक्ष्मण सिंह लखनऊ में सम्मानित



बीएलओ लक्ष्मण सिंह को प्रमाण पत्र देते हुए मुख्य चुनाव अधिकारी नवनीत रिणवा।

**धामपुर (चिंगारी)।** चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुन: निरीक्षण अभियान (एसआईआर) के अंतर्गत, जनपद बिजनौर में बीएलओ के रूप में त्रुटि रहित, उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर क्षेत्र, धामपुर में संचालित शिवाजी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक लक्ष्मण सिंह को प्रदेश की राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी नवनीत रिणवा ने प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। बता दें कि शिवाजी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक लक्ष्मण सिंह वर्ष 1999 से लगातार बीएलओ का कार्य करते आ रहे हैं। वर्ष 2011 में सबसे पहले मतदाता दिवस कार्यक्रम में तहसील स्तर पर सर्वश्रेष्ठ बीएलओ का उनको सम्मान मिला था। इसके बाद जिला स्तर पर भी कई बार उन्हें सम्मान मिल चुका है। उन्होंने बीएलओ का कार्य बूथ संख्या 96 बालक पूर्व माध्यमिक विद्यालय में किया था। उन्होंने बताया कि उप जिलाधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा के निर्देश पर उन्होंने अन्य बीएलओ की भी इस कार्य में मदद की है।

### जिला बिजनौर का नाम आते ही हुए गदगद

**बीएलओ लक्ष्मण सिंह को जब जनपद बिजनौर का नाम लेकर मंच पर बुलाया गया, तो मुख्य चुनाव अधिकारी नवनीत रिणवा ने उनको सम्मानित करते हुए पूछा कि क्या तुम मुझे जानते हो? इस पर बीएलओ लक्ष्मण सिंह ने कहा कि सर आप हमारे जनपद बिजनौर के जिला अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे हैं। इसके बाद मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि हम सर्वश्रेष्ठ बीएलओ और डीएम तथा एसडीएम की एक 15 सदस्यीय टीम को मतदान प्रणाली के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए इटली भेजेंगे।**

# गांधी मूर्ति तिराहे पर हुआ सामूहिक राष्ट्रगान, नगीना की कई विभूतियों का किया सम्मान



नगीना में गांधी तिराहे पर सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम में हिस्सा लेते प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य नागरिक व स्कूली छात्र- छात्राएं।



नगीना के गांधी तिराहे पर आयोजित सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम में हास्य कवि हुड़दंग नगीनवी को सम्मानित करते अतिथि।

**नगीना ( चिंगारी )।** गणतंत्र दिवस के मौके पर समर्पण सेवा संस्थान के तत्वावधान में गांधी मूर्ति तिराहे पर सामूहिक राष्ट्रीयगान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के अध्यक्ष व भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहन की अध्यक्षता व संस्थान के सचिव सचिन रुहेला के संचालन में आयोजित 11वें सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम में हर धर्म व हर आयु के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों के सात प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। हिंदी साहित्य के क्षेत्र में धर्मानंद त्रिपाठी, अनिल कुमार गुप्ता व विनीत प्रकाश गर्ग उर्फ हुड़दंग नगीनवी को हिंदी रत्न सम्मान, उर्दू के क्षेत्र में अतहर शकील को उर्दू रत्न सम्मान, पशु प्रेम व गौवंश की सेवा के लिए डॉ. मंजू चौहान को समाज रत्न सम्मान से, हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में अच्छे प्रदर्शन के लिए दयानंद वैदिक कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या विनोद बाला व एलआरएस अकेडमी की प्रधानाचार्या नूपुर चंद्रा को उत्कृष्ट प्रदर्शन सम्मान से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र प्रदान किया गया। सभी प्रतिभाओं को मुख्य अतिथि एसडीएम विजयशंकर मिश्रा, संस्थान के अध्यक्ष प्रमोद चौहान, चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, ब्लॉक प्रमुख पति ठाकुर विकास राजपूत, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल,भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष यशपाल सैनी, हिन्दू इंटर कॉलेज के प्रबंधक साहू कपिल अग्रवाल, गन्ना समिति के पूर्व अध्यक्ष काज़ी अरशद मसूद, भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में एसडीएम विजयशंकर मिश्रा ने अपने संक्षिप्त सम्बोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जहां एकात्मता बढ़ती है, वहीं देशभक्ति की भावना का विकास भी होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समर्पण सेवा संस्थान के अध्यक्ष व भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने कार्यक्रम को सफल व एतिहासिक बनाने के लिए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## सैकड़ों लोगों की मौजूदगी रही

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सतीश गौतम, हिन्दू इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य यशवीर सिंह, एमएम इंटर कालेज के प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, गन्ना समिति के डायरेक्टर पंकज चौहान, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष व भाजपा नेता मुकेश चौहान,भारतीय जनता पार्टी की मंडल अध्यक्ष अंजलि सौरभ मित्तल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सौरभ मित्तल, शिव शंकर सक्सेना, जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर सिद्धार्थ चौधरी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री अब्दुल कय्यूम राइन, भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष लवी मित्तल, पंकज चौहान, अरुण शर्मा, गर्वित चौधरी, अनुज वर्मा, मंडल मंत्री सरदार हरमीत सिंह, राजकुमार सेठी, मोहित गर्ग, तिलकराज मुठरेजा, स्टेशन रोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष हर्ष गोयल, उमेश शर्मा, अमित जैन विक्की, सहकारी समिति काज़ीपुर इम्मा के चेयरमैन मनोज कुमार, धर्मेंद्र राठी, शलभ गोयल, मोहित गोयल, शरद गर्ग, राजकुमार बिश्नोई, संजय शर्मा, सचिन मित्तल, पवन कटारिया, शरद गर्ग आदि सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

# गणतंत्र दिवस परेड में कांस्टेबिल प्रेमचंद सम्मानित



प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल के हाथों सम्मानित होते नगीना थाने के कांस्टेबल प्रेमचंद।

**नगीना ( चिंगारी )।** गणतंत्र दिवस के मौके पर बिजनौर में आयोजित हुए कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा की उपस्थिति में नगीना थाने के कांस्टेबल प्रेमचंद को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर पुरस्कृत किया। प्रशस्ति-पत्र में कहा गया कि हत्या व हत्या के प्रयास की संगीन घटनाओं में शामिल अभियुक्तों की पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सराहनीय कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। बताते चलें कांस्टेबल प्रेमचंद की गिनती नगीना थाने के तेजतर्रार, युवा व निष्ठावान पुलिसकर्मी के रूप में होती है। हर समय अपनी ड्यूटी के प्रति मुस्तैद रहना व कुशल व्यवहार के धनी प्रेमचंद को लोग बेहतर पुलिसकर्मी के रूप में पहचानते हैं। यही खासियत व व्यक्तित्व उन्हें औरों से अलग बनाता है। गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रेमचंद को मिले सम्मान से उनके साथी पुलिसकर्मी व उनके चाहने वालों में बहुत खुशी का माहौल है।

# महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित किये

**नगीना ( चिंगारी )।** गणतंत्र दिवस पर जनपद बिजनौर की महान विभूतियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्थानीय नागरिकों ने काजी सराय स्थित समाधि स्थल पहुंचकर देश की आजादी और नवनिर्माण में अपना योगदान देने वाले महापुरुषों को नमन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व राज्यपाल हाफिज मोहम्मद इब्राहिम के योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही, 'अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन' में सबसे कम उम्र में कूदने वाले क्रांतिकारी एवं पूर्व विद्युत मंत्री अतीकुर्रहमान और पूर्व विधि एवं न्याय मंत्री अजीजुर्रहमान की वीरता को याद किया गया। समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित करने के दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से उर्दू शिक्षक परवेज आदिल माही, काजी अरशद मसूद मनीष राणा एडवोकेट, डॉ. अब्दुल्लाह सबीह, इरशाद अली मुल्तानी, मसरूर आलम, निगार अहमद, डॉ. आलमगीर काजमी, शहजाद हुसैन, हकीम बहार शम्सी व स्थानीय लोग मौजूद थे।



महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पूर्व राज्यपाल हाफिज मोहम्मद इब्राहिम की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते उर्दू शिक्षक परवेज़ आदिल माही।

## शारिक सुल्तान ने मदरसे में किया ध्वजारोहण




**नगीना ( चिंगारी )।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर मदरसा जामिया मुबारक उल उलूम ( मोहल्ला नालबंदान खजूर वाली मस्जिद ) में युवा नेता शारिक सुल्तान राईन ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर नगीना की अज़ीम शख्सियत मौलाना इस्लामुद्दीन हाफिज अतीक राईन, साहब, अब्दुल समद, शेख़ दानिश अकरम, मौ. शनावर, मौ. सालिम, ईशान उर्फ लड्डू, रोहित मल्होत्रा आदि उपस्थित रहे।


26 JANUARY
समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अशित मजूमदार
बवासीर भगंदर नामू
आदि के स्पेशलिस्ट
पता धामपुर रोड
नहटौर


सभी नगरवासियों एवं जनपदवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
गंगा दूध डेयरी
हमारे यहा उत्तम क्वालिटी का माल पनीर मावा इत्यादि समान उचित मूल्य पर मिलते हैं
पता मोहल्ला अफगान नहटौर
प्रबंधक रवि कुमार

आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मनी ज्वैलर्स
मेन बाज़ार, नहटौर
प्रो. मनी अग्रवाल

सभी जनपदवासियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

जावेद अली खान
जिला पंचायत सदस्य
एवं भावी प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र धामपुर
आजाद समाज पार्टी ( कां )

जावेद अली खान



Happy Republic Day
Congratulations on the Republic Day of India.
We extends heartfelt greetings to all students, parents, and citizens.
Let us honour our Constitution and renew our commitment to Unity • Discipline • Nation Building
Miri piri Khalsa Academy Agwanpur
Afzalgarh, District – Bijnor (U.P)
NEW ADMISSIONS OPEN
Admissions Open for Session 2026–27
Miri Piri Khalsa Academy
(CBSE Affiliated) Affiliation No.: 2134449
Classes: Pre-Primary to class IX
Well-qualified faculty • Holistic education • Safe & disciplined environment. Limited seats available. Apply early.

Manpreet Singh Sandhu
(Principal)

सभी देशवासियों को राष्ट्रीय पर्व
गणतंत्र दिवस
की दिली
मुबारकबाद

शेख मोहम्मद अंजार
ज़िला उपाध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी, बिजनौर।
( प्रभारी विधानसभा क्षेत्र नगीना )

समस्त नगीनावासियों को राष्ट्रीय पर्व
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


लवी मित्तल
मंडल उपाध्यक्ष
भाजपा नगीना
अंजलि मित्तल
भाजपा मंडल अध्यक्ष
नगीना

Education tree
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की दिली मुबारकबाद
15 Year trust of MBBS Admission Abroad

शादाब सुल्तान राईन
निदेशक
एजुकेशन ट्री
Mo. 7300997300

# इस्तीफा देने के बाद अलंकार अग्निहोत्री ने खोला मोर्चा

–देवराज सिंह

**लखनऊ ( चिंगारी )।** नए यूजीसी नियमों के विरोध में बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री का विरोध प्रदर्शन लगातार तेज होता जा रहा है। मंगलवार को उन्होंने कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य गेट पर धरना शुरू कर दिया। धरने पर बैठे अग्निहोत्री ने जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए और मांग की कि जिलाधिकारी सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट करें कि सोमवार देर शाम बैठक के दौरान उन्हें अपमानजनक भाषा में फोन करने वाला व्यक्ति कौन था?



अग्निहोत्री का कहना है कि बैठक के दौरान एक फोन कॉल आया था, जिसमें उनके लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि फोन करने वाले ने कहा, इस पंडित का दिमाग खराब हो गया है, इसे यहीं बैठा लो। पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट ने सवाल उठाया कि आखिर जिलाधिकारी किसके निर्देश पर काम कर रहे थे और यह फोन किसके इशारे पर किया गया था। धरने से पहले पूरे दिन माहौल तनावपूर्ण बना रहा। सुबह से ही अलंकार अग्निहोत्री के सरकारी आवास पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। परिसर के सभी गेट बंद कर दिए गए और किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही थी।

# नबलपुर में साले ने जीजा को गोली मारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कोतवाली शहर क्षेत्र के ग्राम नवलपुर बैराज में सोमवार की शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक ने ने अपने ही बहनोई को गोली मार दी। जानकारी के अनुसार विशाल पुत्र राजकुमार सोमवार शाम करीब सात बजे अपने घर के पास बैठकर मोबाइल देख रहा था। इसी दौरान उसका साला विशाल पुत्र जयप्रकाश वहां पहुंचा और तमंचे से उस पर गोली चला दी। गोली विशाल के दाहिने कंधे में जा लगी। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर दौड़ पड़े और लहूलुहान हालत में विशाल को तत्काल आनन–फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया। परिजनों का आरोप है कि विशाल ने एक साल पहले आरोपी विशाल की बहन अनामिका से प्रेम विवाह किया था, जिसको लेकर ससुराल पक्ष उससे रंजिश रखता था। इसी रंजिश के चलते सोमवार की शाम गोली मारकर उसकी हत्या का प्रयास किया गया। घायल विशाल की पत्नी अनामिका की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है, जिसमें उसने अपने भाई विशाल, मोहन, मदन और टिकेंद्र पर आरोप लगाया है।

# बैंकों में हड़ताल रही



**बिजनौर ( चिंगारी )।** बैंको में पांच दिवसीय सप्ताह की मांग के लिए यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के आह्वान पर आज अधिकतर बैंकों में हड़ताल रही। भारतीय स्टेट बैंक स्टाफ एसोसियेशन के क्षेत्रीय सचिव दीपक कुमार के नेतृत्व में ा सुबह 10 बजे भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा बिजनौर में एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। बैंक कर्मियों ने बताया कि हड़ताल पर जाना शौक नहीं मजबूरी है। इसमें सभी बैंको के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। मोहित कुमार (आंचलिक सचिव), पुष्पेंद्र कुमार, अजय, मिथुन, पीएनबी से विकास, नरेंद्र, संदीप, गजराज, यूनियन बैंक से सुरेंद्र, इंडियन बैंक से मनीष एवं अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अवध शुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड
यूनिट-स्योहारा, जिला-बिजनौर
पोस्ट-स्योहारा-246746, जिला-बिजनौर (उ0प्र0)

कृषक भाईयों से अपील

1. मिल पर्ची एस.एम.एस. मिलने के उपरांत ही गन्ने की कटाई करें।
2. चीनी मिल को साफ सुथरा, ताजा एवं जड़, पत्ती, अगोला रहित गन्ना ही आपूर्ति करें।
3. यदि आपकी बुग्गी/ट्राली में जड़, पत्ती, अगोला, मिट्टी व सूखा गन्ना आदि पाया जाता है तो ऐसी बुग्गी/ट्राली के गन्ने की खरीद चीनी मिल द्वारा नहीं की जायेगी।
4. किसान भाई गन्ने की छिलाई करते समय खेत में ही सूखे गन्ने को अलग निकाल दें तथा ऐसे गन्ने को पुली में बांधकर मिल में आपूर्ति न करें, ऐसे गन्ने से चीनी परता प्रभावित होता है।
5. गन्ने को बंधाने हेतु केवल पुआल (धान का पोरा/सूखी पत्ती) का ही प्रयोग करें। हरा बंधन युक्त गन्ना तौल नहीं किया जायेगा।
6. पर्ची वैधता (समयावधि) 72 घंटे की हैं।
7. जिस क्रय केन्द्र के लिए समिति पर्ची जारी की गयी हैं, उसी क्रय केन्द्र पर पर्ची की तोल की जाएगी।
8. मिल गेट के लिए जारी पर्ची को क्रय केन्द्र पर नहीं तौला जायेगा।
9. वाहय क्रय केन्द्र पर एडवासं गन्ने की (अवैधानिक लेन–देन) तौल न कराये, एडवांस गन्ने की चीनी मिल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
10. यदि आप अपना मोबाइल नम्बर बदलते हैं तो इसकी सूचना तुरंत समिति को उपलब्ध करा दें जिससे कि समस्त जानकारी एस.एम.एस. के द्वारा आपको समय–समय पर दी जा सकें।



आपका शुभेच्छु
सुखवीर सिंह
(कार्यकारी अध्यक्ष)

OXFORD PUBLIC SR. SEC. SCHOOL, NEHTAUR
आप सभी को
77वें गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ






Dr. (Er.) Ashish Singhal
Chairman



Leena Singhal
M.D.



Idrees Ahmad
Principal

# चांदपुर के स्कूल-कालेजों में रही गणतंत्र दिवस की धूमधाम, छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किये रंगारंग प्रोग्राम

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर सहित पूरे क्षेत्र में गणतंत्र दिवस का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जगह-जगह ध्वजारोहण किया गया तथा शिक्षण संस्थाओं में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये।

✦**हेजलमून स्कूल** में स्कूल के चेयरमैन अनिरुद्ध मित्तल व निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल व अनमोल मित्तल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीमती श्रुति मित्तल व प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने बच्चों को गणतंत्र दिवस के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन छात्रा देवेशी सिंह व स्वास्तिक अग्रवाल ने किया।

✦**मुस्लिम फंड** द्वारा संचालित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में प्रबंधक मुंशी हसीनुद्दीन ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किये। उपप्रबंधक मौ. मरगूब, प्रधानाचार्य नदीम बख्श, शहजाद अहमद, डा. इल्यास, चौ. शफीक आदि ने अपने विचार रखे।


हेजलमून स्कूल

✦**सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज** में प्रधानाचार्य नवनीत कुमार ने ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि डा. वैभव राणा, स्कूल प्रबंधक पंकज वैश्य, पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी, पंकज चौहान, पल्लव अग्रवाल आदि ने अपने विचार रखे।

✦**हिन्दू इंटर कॉलेज** में प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार शर्मा ने ध्वजारोहण किया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

✦**हाशमी एजुकेशनल एकेडमी** में प्रधानाचार्या श्रीमती साजिदा परवीन व नौशाद अली ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

✦नगर के मुहल्ला **मुफ्ती सराय स्थित मदरसा रहीम बख्श** में श्रीमती शाहजहां व प्रबंधक अकील अंसारी ने ध्वजारोहण किया। बच्चों द्वारा देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

✦**जेपी पब्लिक स्कूल** में विजय गुप्ता, श्रीमती सुषमा गुप्ता, नीतू गुप्ता, विनीत तोमर आदि द्वारा ध्वजारोहण किया गया। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

✦**फादरसन पब्लिक स्कूल** में प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। छात्रों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में क्रांतिकारी भगत सिंह पर आधारित नाटक ने सभी को रोमांचित कर दिया।

# हज इंस्पेक्टर की ट्रेनिंग लेकर मुंबई से लौट रहे शिक्षक की मौत

## एक अन्य शिक्षक की हालत गंभीर

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** सोमवार को एक सड़क हादसे में कासमपुर गढ़ी निवासी प्राइमरी टीचर खादिम अंसारी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि अफजलगढ़ निवासी टीचर नईम अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। संविलियन विद्यालय पुक्खेवाला के सहायक अध्यापक खादिम अंसारी (48 वर्ष) एवं प्राथमिक विद्यालय मंझौली अफजलगढ़ के सहायक अध्यापक


मृतक शिक्षक खादिम अंसारी का फाइल फोटो

नगर निवासी नईम अंसारी (45 वर्ष) 22 जनवरी को हज इंस्पेक्टर की ट्रेनिंग के लिए जनपद के अन्य शिक्षकों के साथ मुंबई गए थे। ट्रेनिंग प्राप्त कर वह 25 जनवरी को ही हवाई जहाज द्वारा मुंबई से दिल्ली लौटे और दिल्ली से 25/26 जनवरी की मध्यरात्रि वह किराए की कार द्वारा घर वापस लौट रहे थे कि 26 जनवरी की तड़के लगभग 4 बजे उत्तराखंड के काशीपुर-अलीगंज रोड पर उनकी कार एक भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई, जिसमें मास्टर खादिम अंसारी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मास्टर नईम गंभीर रूप से घायल हो गए, जो काशीपुर के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में मौत और जिंदगी के बीच जूझ रहे हैं। मृतक मास्टर खादिम को आज प्रातः 10 बजे बाद नमाज-ए-जनाजा गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनकी नमाज-ए-जनाजा में बड़ी तादाद में लोगों ने शिरकत कर उनके लिए दुआएं मगफिरत और घायल मास्टर नईम के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की दुआएं कीं।

# घर के बरामदे में मृत अवस्था में मिले साजिद

**बरुकी ( चिंगारी )।** थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम ऊमरी कलां में एक व्यक्ति की उसके ही घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। ग्राम ऊमरी कलां निवासी साजिद (56) पुत्र अब्दुल बारी रविवार की रात अपने घर में अकेले थे। उनके बच्चे बिजनौर में एक शादी समारोह में गए हुए थे। सोमवार सुबह जब परिजन घर लौटे और दरवाजा



खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पड़ोस के रास्ते से घर में प्रवेश किया गया, जहां साजिद घर के बरामदे में मृत पड़े मिले। यह देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। बरुकी चौकी प्रभारी सुभाष राणा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साजिद की मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई पूरी कर ली गई है।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.




# जिलाधिकारी को सम्मानित किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में प्रथम स्थान एवं उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्य के लिए जनपद बिजनौर की जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस दिवस के अवसर पर सम्मानित किये जाने पर जनपद के व्यापारियों में हर्ष व्याप्त है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती रेखा अग्रवाल, श्रीमती शिखा गुप्ता एवं श्रीमती उषा शर्मा ने जिलाधिकारी महोदया को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं जिला अध्यक्ष मनोज कुच्छल, जिला महामंत्री मुनीष त्यागी, प्रांतीय संगठन मंत्री बी.एस. राजपूत सहित समस्त व्यापारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी। सम्मान समारोह के दौरान व्यापारियों द्वारा जिलाधिकारी महोदया को एक ज्ञापन भी सौंपा गया, जिसमें आगामी फरवरी माह में प्रस्तुत होने वाले बजट में व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को सम्मिलित किये जाने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नवीन अग्रवाल, गुलाम साबिर, डॉ. उस्मानी, मानव सचदेवा, चिराग सेठी, सचिन राजपूत, अरविंदर सिंह, चंद्रपाल सिंह, रिज़वान अहमद, तनु पठान सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

# मौसम ने आज, फिर बदला अपना मिजाज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आज दोपहर अचानक मौसम का मिजाज ऐसा बदला कि देखते ही देखते आसमान में काले बादल छा गये और बिजली कड़कड़ाने लगी तथा गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। इसी के साथ सर्दी एक बार फिर पूरे शबाब पर आ गई। पिछले दो-तीन दिनों से अच्छी खासी धूप निकल रही थी, जिससे लोगों को सर्दी से राहत मिली थी। आज सुबह भी धूप थी, मगर अचानक मौसम ने पलटी मारी, जिससे एक बार फिर ठंड का दौर लौट आया। मौसम विभाग के अनुसार आज रात तेज बारिश होने की सम्भावना है।

# बिजनौर व नगीना में सड़कों पर उतरा सवर्ण समाज



बिजनौर



नगीना

## यूजीसी बिल का किया कड़ा विरोध

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारत सरकार द्वारा पारित यूजीसी 2026 बिल के विरोध में किसान मजदूर संगठन, ब्राह्मण सभा, सवर्ण आर्मी एवं क्षत्रिय राजपूत सभा समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शन किया गया। सभी संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता नुमाइश ग्राउंड से नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के तहत उच्च शिक्षा में समानता को बढ़ावा देने के नाम पर लाया गया यह बिल समाज में जातिगत ज़हर घोलने का काम कर रहा है, जिससे सामाजिक माहौल खराब हो रहा है। संगठनों का कहना है कि यदि यह बिल लागू हुआ तो भविष्य में सामाजिक तनाव और अधिक बढ़ सकता है। सवर्ण समाज ने विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए इस बिल का पूर्ण विरोध करते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी कहा कि आरक्षण का आधार आर्थिक होना चाहिए, न कि जातिगत। सभी वर्गों में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार मौजूद हैं, चाहे वे सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग या अनुसूचित जाति से संबंधित हों। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस बिल को वापस नहीं लिया तो सर्वसमाज उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर आंदोलन करने को मजबूर होगा। प्रदर्शन में कुंवर रसिक चौहान, शोभा शर्मा, पंकज शर्मा, महेंद्र पाल सिंह, शेखर लड़यान, ललित चौहान, रजत राजपूत, राहुल चौहान, विशेष राजपूत, देवेंद्रपाल सिंह, सुनील राजपूत, राजवीर चौहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**नगीना ( चिंगारी )।** यूजीसी के नये कानून के खिलाफ सवर्ण समाज के लोगों ने नगर में विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सवर्ण समाज के सैकड़ों लोग मंगलवार की सुबह गांधी मूर्ति तिराहे पर एकत्रित हुए तथा यहां से भारत सरकार द्वारा बनाए गए यूजीसी के नये कानून को अपने समाज के खिलाफ बताते हुए इस कानून को वापस लेने की मांग की। गांधी मूर्ति से एसडीएम कोर्ट तक पैदल मार्च करते हुए यूजीसी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में ब्राह्मण समाज नगीना के अध्यक्ष डॉक्टर संदीप शर्मा, अग्रवाल समाज के प्रधान शीतल अग्रवाल, बिश्नोई समाज से राजकुमार बिश्नोई, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक त्यागी, पंजाबी समाज से राजकुमार सेठी, तिलक राज, क्षत्रिय सभा से नगर अध्यक्ष सुधीर राणा, तिलक राज के अलावा विजय अग्रवाल, शरद अग्रवाल, राजन अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, सभासद गोपाल शर्मा, मोनू गुप्ता, व्यापारी नेता विकास मल्होत्रा, रामअवतार बिश्नोई, राजेश ठुकराल आदि मौजूद रहे। बाद में एसडीएम विजय शंकर मिश्र को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया।


पंकज शर्मा को सम्मानित करते कपिल देव अग्रवाल।

## पंकज शर्मा उत्कृष्ट सेवा सम्मान से अलंकृत

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। थाना रेहड़ में तैनात सरकारी जीप चालक पंकज शर्मा को गणतंत्र दिवस पर भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान किया गया। सोमवार को जनपद मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के दौरान पंकज शर्मा को यह सम्मान चिन्ह जनपद बिजनौर के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा लगाया गया। पंकज शर्मा को गृह मंत्रालय द्वारा मिले इस सम्मान पर उनके साथी पुलिसकर्मियों एवं उनके शुभचिंतकों आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। यह सम्मान प्राप्त कर पंकज शर्मा ने कहा कि वह ड्यूटी को ईमानदारी से निभाना अपना फर्ज समझते हैं जिसे सदैव निभाते रहेंगे।**

## वन रेंज कार्यालय पर उत्साहपूर्वक मनाया गणतंत्र दिवस

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में केहरीपुर जंगल स्थित वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर गणतंत्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी श्रीमती अंकित किशोर ने तिरंगा फहराया और उपस्थित सभी वनाधिकारियों, कर्मचारियों ने तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर राष्ट्रीय पर्व की बधाई देते हुए देश के संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प दोहराया।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**बिजनौर ( चिंगारी )।** महावीर बाल विद्या मंदिर में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के भूतपूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार जैन (भट्टे वाले) व प्रबंधक ब्रिजेश कुमार जैन ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बच्चों ने भाषण व कविताएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का संचालन सपना खन्ना ने किया। प्रधानाचार्या अंजु जैन ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।


जाट बाल विद्यालय में ध्वजारोहण करते हुए प्रबंधक राजेन्द्र सिंह।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जाट बाल विद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र सिंह द्वारा तिरंगा फहराया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्या अनीता सैनी, अध्यापिका सुनीता सिंह, राशि शर्मा, कुमारी राखी, शिवानी रानी, शिल्पी चौधरी, रूपा चौधरी तथा एडवोकेट हरेंद्र चौधरी, सूरज सिंह, सुधीर शर्मा, अनूप कुमार, वीनू सिंह आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## भाकियू ने निकाली विशाल तिरंगा यात्रा


भाकियू टिकैत ने नगर में तिरंगा यात्रा निकाली।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** सोमवार को नूरपुर में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह के नेतृत्व में करीब सौ ट्रैक्टरों के साथ विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। चांदपुर रोड स्थित ब्लॉक कार्यालय से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ चन्द्रपाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। यात्रा शहीद तिराहा, शिव मंदिर चौक, बुध बाजार, धामपुर चौक, ब्लॉक मोड़ से होते हुए कार्यालय पर सम्पन्न हुई। यात्रा का नगर में कई स्थानों पर फूलमालाओं व जलपान कराकर स्वागत किया गया। यात्रा में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विनीत धनकड़, शीशपाल सिंह, जिला सचिव दिनेश चौधरी, समरपाल सिंह, नगर अध्यक्ष कफ़ील सैफ़ी, मंडल उपाध्यक्ष युवा डॉ. इशरत अली, साजिद अली, कल्याण सिंह, अभय चौधरी, ऋषिपाल सिंह, लोकेश कुमार, बरम सिंह, सुशील ठाकुर, हिमांशु चौधरी, रक्षपाल सिंह, बिजेंद्र सिंह, हरज्ञान सिंह, बब्लू सिंह, गौतम सिंह, मौहम्मद यासीन, मोहम्मद शमशेर, सरताज अली, नासिर मलिक, मोहम्मद नाज़िम, रियाजुद्दीन उर्फ मंटू, मोहम्मद नाज़िम, फ़हीम अहमद, अशफ़ाक खान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

# देशभक्ति के तराने गूंजे, राष्ट्रीय ध्वज फहराया



राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल में ध्वजारोहण करते प्रधानाचार्य आदि।



गुरुकुल इंटर नेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्रायें।





स्प्रिंग फील्ड एकेडमी नयागांव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते छोटे बच्चे

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** क्षेत्र में 77 वां गणतंत्र दिवस उत्साह, उमंग और देशभक्ति के जज्बे के साथ मनाया गया। स्कूलों में ध्वजारोहण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

**राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल सोती** में कोषाध्यक्ष राघव प्रताप एड., प्रधानाचार्य राजीव चौहान और प्रबंध समिति सदस्य जितेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सेवानिवृत्त शिक्षक अभयराम सिंह की अध्यक्षता तथा शिक्षक संजय कुमार सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंध समिति के अध्यक्ष यशवीर सिंह, आकाशदीप, सौरभ कुमार, सत्यपाल सिंह, यशवीर चौधरी, जाकिर अली, वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण, प्रवक्ता हरवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

**स्प्रिंग फील्ड सीनियर सैकेंडरी एकेडमी नयागांव** (मंडावली) में मैनेजिंग डायरेक्टर कुलदीप सिंह और प्रधानाचार्या डा. करुणा शर्मा ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी की खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12 की छात्राओं अन्विशा और अदिति ने संयुक्त रूप से किया।

**नूतन इंटर कॉलेज तिसोतरा** में प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीर सिंह ने ध्वजारोहण किया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रधानाचार्य सुरजा सिंह, प्रबंधक वीरेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष नरेन्द्रपाल सिंह, ब्रजपाल सिंह, जोगेन्द्र सिंह, यशपाल सिंह, सर्विन कुमार, रामकुमार राजपूत, जगवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

**गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर** में महाराज राघवेंद्र दास, संजीव पहलवान, स्कूल प्रबंधक डालचंद पाल, पूर्व फौजियों विजय राणा, सुशील शुक्ला, नरपाल सिंह एवं नीरज सिंह ने सामूहिक रूप से ध्वजारोहण किया। छात्र-छात्राओं ने नारी सशक्तिकरण, ऑपरेशन सिन्दूर और शिक्षा की महत्ता पर आधारित नाटक, देशभक्ति गीत और कवितायें प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

**बी.ए. पब्लिक स्कूल सादुल्लानगर तिसोतरा** में प्रबंधक मा. तेजराम सिंह, दयाराम सिंह और सत्यपाल सिंह ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। स्कूल संचालक मा. भूपेन्द्र सिंह दिव्यांग ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों एवं संविधान निर्माताओं के विषय में जानकारी दी।

**एस 4 इंटरनेशनल स्कूल नांगल सोती** में एमडी नितिन अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम, भाषण, नाटक, नृत्य तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। एमडी नितिन अग्रवाल ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके परिश्रम, लगन और समर्पण ने कार्यक्रम को यादगार एवं सुंदर बना दिया।

**बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति नांगल जीतपुर खानपुर** में सभापति गार्विन चौधरी ने ध्वजारोहण किया। एमडी विरेन्द्र कुमार, तपेन्द्र सिंह, डोरीलाल पहलवान, नसीम अहमद 'पेमा', निरंकार सिंह, नीटू सिंह, सुरेन्द्र सिंह, मानपाल सिंह, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

**प्राथमिक विद्यालय बाकरपुर** में ग्राम प्रधान ओजेश राजपूत ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किये। ग्राम प्रधान ओजेश राजपूत की अध्यक्षता तथा इंचार्ज अध्यापक सुदीप कुमार के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में ठाकुर विवेक कुमार, सौरभ कुमार, ममता देवी, ओमप्रकाश, निगम देवी, सुशीला, इसराईला सहित काफी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

आप सभी देशवासियों, ग्रामवासियों एवं पदाधिकारियों को गणतंत्र दिवस 2026 और रविदास जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

सोनू कुमार
पूर्व ग्राम प्रधान
ग्राम खारी



## खासपुरा में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय पर्व



**खासपुरा ( चिंगारी )।** रघुकुल ग्लोबल एकेडमी पैजनिया में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मिथलेश त्यागी रहीं, जिन्होंने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आशीष वीर सिंह त्यागी, प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी त्यागी एवं प्रशासनिक प्रमुख श्रीमती आशा त्यागी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां एवं प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि श्रीमती मिथलेश त्यागी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को संविधान के मूल्यों का सम्मान करने और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।





**खालसा इंटर कॉलेज नूरपुर** में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। वक्ताओं ने देश की आजादी में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को नमन कर याद किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कालेज के प्रबंधक कुलवंत सिंह चौकड़ियात, सेवा सिंह, अमृत सिंह सरपंच, ऑडिटर हरविंदर सिंह सीटू, भूपेंद्र सिंह नीटू, विजय सिंह, गुरूमुख सिंह दीवान, हरभजन सिंह अमन, कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुनीत प्रकाश त्यागी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया।



**जनता शिशु विद्या मंदिर** जूनियर हाईस्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती निर्देश शर्मा ने विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने वीर जवानों को सलामी देकर राष्ट्रीयगान गाया। विद्यालय के प्रबंधक गौरव शर्मा ने अपने विचारों में देश राष्ट्रीय ध्वज के आन-बान एवं शान को बताया।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# स्योहारा में हर्षोल्लास के साथ मनाया राष्ट्रीय पर्व




स्योहारा प्रेस क्लब पर ध्वजारोहण के उपरांत डाक्टर मनोज वर्मा व थाना प्रभारी के साथ पत्रकार।

**स्योहारा (चिंगारी)। गणतंत्र दिवस के मौके सरकारी कार्यालयों सहित प्राईवेट संस्थानों, स्कूलों, डिग्री कालिजों सहित प्रेस क्लब कार्यालय पर पत्रकारों ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय गीत का गुणगान किया है। इस मौके पर स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।**

अवध शुगर मिल में प्रबंधक सुखवीर सिंह, एमक्यू इंटर कालेज में प्रबंधक मौलाना वकील अहमद, प्रधानचार्य मंसूर इश्तर सिद्दीकी, आरएसपी इंटर कालेज में प्रबंधक संयोगिता सिंह, प्रधानाचार्या मधुबाला शर्मा, एमक्यू बालिका इंटर कालेज में मैनेजर ज़कीउर्रहमान, प्रधानध्यापिक शबाना परवीन, गायत्री देवी शिक्षण संस्थान में प्रधानाचार्य पर्ल, मदरसा इब्राहिमिया जन्नत निशा में प्रबंधक मोबिन अहमद, प्रधानाध्यापिका निगाहत परवीन, इमदादी मकतब नम्बर दो में प्रबंधक अनवर जमाल, मदरसा रहमानिया ज़फ़र में डा.दानिश कमाल, रहमान जफर, लक्ष्य कालेज में संस्थापक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा मुरादाबाद राजपाल सिंह चौहान, डारेक्टर अमित चौहान, प्रबंधक अनुराग चौहान, गुरुनानक डिग्री कालेज में प्रबंधक गुरुदीप सिंह कालरा, जगप्रीत सिंह, महिला डिग्री कालेज में चौधरी फहीमुर्रहमान, वर्मा नर्सिंग होम पर डा.मनोज वर्मा, व्यापार मंडल कार्यालय पर व्यापारी नेता मुकेश रस्तौगी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर, अर्पित त्यागी, अमित वर्मा सहित अन्य लोगों ने, पालिका परिसर में पालिकाध्यक्ष फैसल वारसी, ईओ विजेंद्र सिंह पाल, हाशमी नर्सिंग होम पर डा.एनडी हाशमी, डा.जानिब हाशमी, रमन मेटरनिटी पर डा.एचएस कालरा, ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, बीडीओ विक्रम सिंह, नगर पंचायत सहसपुर में ईओ दीपक कुमार, पंचायत अध्यक्षा नाहिद अमजद, चेयरपर्सन पति अमजद अली, प्रधान लिपिक सलमान अली, जननिवारण समिति अध्यक्ष तुलाराम चन्द्रा, इक़रा पब्लिक स्कूल से मैनेजर हाफ़िज़ अहमद अली, प्रधानाचार्या सादिया, गोल्डन बेल्स इंटरनेशनल स्कूल में प्रबंधक गुरविंदर सिंह,




प्रधानाचार्य शेखर सिंह, जूनियर हाईस्कूल जमापुर में कपिल कुमार त्यागी, सीएचसी में बीके स्नेही, बिड़ला कालेज में प्रधानाचार्य शील सिंह, रामलीला ग्राउंड में राजपाल प्रजापति, अमित वर्मा, स्योहारा प्रेस क्लब कार्यालय पर डाक्टर मनोज वर्मा, अध्यक्ष शारीक जैदी, नजम सिद्दीकी ने ध्वजारोहण किया गया।

# मंडावर में रिक्शा चालकों ने निकाली तिरंगा रैली

ध्वजारोहण करते रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष मोईन अहमद, उपजिलाधिकारी, थानाध्यक्ष व व्यापारी नेता।



**मंडावर (चिंगारी)।** मंडावर रिक्शा चालक एसोसिएशन ने 77वें गणतंत्र दिवस को बड़ी ही धूमधाम से मनाया। रिक्शा चालक एसोसिएशन के अध्यक्ष मोईन अहमद, उपजिलाधिकारी न्यायिक धामपुर/ अधिशासी अधिकारी रामाश्रय, थानाध्यक्ष सुमित राठी व व्यापारी नेता प्रशांत कुमार उर्फ मोनू ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया, जिसके बाद रिक्शा चालकों द्वारा यूनियन अध्यक्ष मोईन अहमद के साथ साथ सभी मेहमानों को पगड़ी बांध व बैच लगाकर सम्मानित किया गया। ध्वजारोहण व सम्मान समारोह के बाद सभी रिक्शा चालकों ने अपने रिक्शाओं पर झंडा लगाकर बड़ी धूमधाम से कस्बे में राष्ट्रीय गीतों के साथ झंडा रैली निकाली। प्रोग्राम में रिक्शा चालक एसोसिएशन के पदाधिकारीगण व सदस्यों के साथ कस्बे के वरिष्ठ सभासद हाजी तहज़ीब, शहजाद अहमद सिद्दीकी, नासिर उर्फ काला कुरैशी, शहरयान उर्फ गुड्डू कुरैशी, प्रशांत कुमार उर्फ मोनू, कलीराम, मौ. यूसुफ, नसीम, राकेश कुमार, प्रकाश, खूब चांद, इदरीस, शहामत अली, नसीम अहमद, मुल्ला मुकीम, नदीम सैफी, वसीम मकरानी, शाकिर मकरानी आदि मौजूद रहे।

# मिलेनियम स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीबीएसई, नजीबाबाद रोड कोतवाली में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की चेयरमैन श्रीमती मीना सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार, उपप्रधानाचार्या शालिनी, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम व सतेंद्र कुमार के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन बालेश कुमार, केशव सिंह, ऋतु, नौशाद, अंजलि ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुशलपाल सिंह, विनोद कुमार, गजेय सिंह, अर्चना चौधरी, सचिन




कुमार, विपिन कुमार, अमन कुमार वर्मा, अर्शी अबरार, ऋतु, नीलम रानी, उपासना, अमृत राज, शारिक, स्वाति कश्यप, प्रीति शर्मा, नेहा, रोहिताश सिंह, शिवानी, रिया चौधरी, सतीश कुमार, विकास शर्मा, अनिता रावत, मनुपाल, रिंकू वर्मा, अंशिता, सदफ़, सेवालिया, अमृत राज, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

## सेवानिवृत्त शिक्षक रतिराम सिंह का निधन

**नांगल सोती (चिंगारी)।** स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज से सेवानिवृत्त शिक्षक श्री रतिराम सिंह (87 वर्ष) का रविवार की रात्रि में निधन हो गया। श्री रतिराम सिंह अंग्रेजी के शिक्षक थे तथा व्याकरण के विद्वान कहे जाते थे। वे राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज से वर्ष 1999 में सेवानिवृत्त हुए थे। काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। रविवार की रात्रि लगभग 10 बजे आदर्शनगर, नजीबाबाद स्थित अपने आवास पर उन्होंने जीवन की अंतिम सांस ली। सोमवार को हरिद्वार स्थित गंगा घाट पर उनका अन्तिम संस्कार किया गया। विद्यालय के प्रबंधक कावेन्द्र सिंह एड., कोषाध्यक्ष राघव प्रताप एड., प्रधानाचार्य राजीव चौहान, वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण सहित समस्त विद्यालय परिवार ने श्री रतिराम सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

# TMU में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

## कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने किया ध्वजारोहण

**मुरादाबाद (चिंगारी)।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने विकसित एवम् आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना पर बल देते हुए कहा, आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि बौद्धिक, तकनीकी और नैतिक भी होनी चाहिए। 'मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसे अभियानों ने देश को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। श्री जैन बोले, विश्वविद्यालयों की यह जिम्मेदारी है कि वे ऐसे युवा तैयार करें, जो नवाचार, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण हों। कुलाधिपति श्री जैन यूनिवर्सिटी के कैंपस में आयोजित 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर बोल रहे थे। गरिमामय एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत इस समारोह में कुलाधिपति ने विधिवत ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। संपूर्ण विश्वविद्यालय कैंपस देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव की भावना से ओतप्रोत दिखाई दिया। परेड के दौरान यूनिवर्सिटी के सुरक्षा बलों ने कुलाधिपति को सलामी दी। संचालन का दायित्व



चीफ वार्डन डॉ. विपिन जैन ने निभाया तो एनएसएस समन्वयक डॉ. रत्नेश जैन ने बतौर कॉर्डिनेटर भूमिका निभाई। इसके अलावा कुंदरकी के हरियाणा इंटर कॉलेज, टिमिट, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कुलाधिपति ने गर्व के साथ कहा कि आज भारत के नागरिक विश्व के लगभग हर कोने में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। भारतीय मूल के लोग अनेक देशों में प्रधानमंत्री, मंत्री और उच्च प्रशासनिक पदों पर कार्यरत हैं। यह भारत की सुदृढ़ शिक्षा प्रणाली, सांस्कृतिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता का सशक्त प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भारतीय जहां भी जाते हैं, अपने कर्म, अनुशासन और संस्कारों से भारत की सकारात्मक एवम् सशक्त पहचान स्थापित करते हैं। यूनिवर्सिटी कैंपस के गणतंत्र दिवस समारोह में प्रो. एमपी सिंह, प्रो. आरके द्विवेदी, प्रो. विपिन जैन, प्रो. पीके जैन, प्रो. आशु मित्तल, प्रो. आरके जैन, चीफ लाइब्रेरियन विनीता जैन, डॉ. मधुसूदन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

समस्त देशवासियों व नगरवासियों, मित्रों को
77वें गणतंत्र दिवस
के पावन पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाएं

अभिषेक अग्रवाल
एडवोकेट
( जीएसटी/आयकर अधिवक्ता )
मीडिया प्रभारी
टैक्स बार एसोसिएशन बिजनौर
सदस्य- झालू अधिवक्ता संघ।
मो. 9690330099
निवासी कस्बा झालू
जिला-बिजनौर



# चेयरमैन इंजी. मुअज्जम ने शहरवासियों को दिया एक और तोहफा
## पार्क, 100 फुट ऊंचा झंडा व स्वागत द्वार बना आकर्षण का केंद्र



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम ने इस बार 26 जनवरी के राष्ट्रीय पर्व को यादगार बना दिया। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम व अधिशासी अधिकारी/न्यायिक एसडीएम प्रिंस कुमार ने नगर पालिका बोर्ड के सदस्यों, स्टाफ व सहयोगियों के साथ गणतंत्र दिवस के मौके पर हरिद्वार बाईपास से जलालाबाद जाने वाले रोड पर 100 फुट ऊंचा झंडा फहराकर, पाकिस्तान के खिलाफ जंग के भारतीय नायक वीर अब्दुल हमीद के नाम पर भव्य स्वागत द्वार नजीबाबाद की जनता को समर्पित किया। स्वागत द्वार पर शानदार फव्वारा व आई लव नजीबाबाद का लाइट से चमकता हुआ बेहतरीन बोर्ड लगाकर एक बढ़िया पार्क भी नागरिकों को गिफ्ट किया। इस मौके पर युवाओं का जोश तथा देशभक्ति के बजते गीतों ने समा बांध दिया। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने वीर अब्दुल हमीद स्वागत द्वार बनाकर नगरवासियों की कई दशक पुरानी मांग पूरी कर दी। चेयरमैन इंजी. मुअज्जम ने नगरवासियों की मांग पर नजीबाबाद के दिल हरिद्वार बाईपास पर चमकती लाइट लगाकर जनता को एक और उपहार देने का काम किया है। जिसकी चारों ओर प्रशंसा की जा रही है। इस मौके पर पालिका के वरिष्ठ लिपिक अफजाल अहमद, हाजी इनाम, राजस्व निरीक्षक विपिन चौहान, इकबाल हिंदुस्तानी, काजी आसिफ अली मुतकी, सभासद इरशाद अहमद, मोहम्मद अच्छन राईन, सिराज अहमद, शजर तैयब, अनीस ठेकेदार, पप्पू ठेकेदार, अब्दुल शकूर कलवा, राकेश जुनेजा, शाहनवाज शानू, फराज खान, फैसल खान, मोहम्मद हाशिम, अजमल खान आदि मौजूद रहे।

समस्त देशवासियों एवं नगरवासियों को 77वें गणतंत्र पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।
अपने नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखें
निवेदक
समस्त नगरवासी
कस्बा झालू

BINDALS
मै. बिन्दल्स पेपर्स मिल्स लि., मुजफ्फरनगर
शुगर एवं डिस्टीलरी डिविजन,
चांगीपुर-नूरपुर की ओर से
सभी कर्मचारियों व क्षेत्र के किसान भाइयों को
77वें गणतंत्र दिवस की
शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई
सभी किसान भाइयों से अनुरोध है कि साफ, सुथरा, अगोला रहित गन्ना ही सप्लाई करें एवं अधिक उपज के लिये मान्य प्रजातियों का गन्ना ही बोयें।
प्रबन्ध कारिणी
बिन्दल्स शुगर एण्ड डिस्टीलरी डिविजन

गीजर ही गीजर
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।
खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया कोतवाली का घेराव

## पुलिस पर लगाया विधायक के दबाव में कार्य करने का आरोप

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** महानगर कांग्रेस व यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन पर स्थानीय विधायक के दबाव में कार्य करने का आरोप लगाया है। कहा कि स्थानीय विधायक के दबाव के कारण कोतवाली पुलिस ने यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं और उनके परिवारजनों पर दवाब बनाने का कार्य किया, जो पुलिस प्रशासन का सत्ता के प्रति भक्तिभाव प्रदर्शित करता है। इस बात से आहत महानगर व यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार को कोतवाली का घेराव करते हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष विरोध जताते हुए वार्ता की।



कोटद्वार कोतवाली में रविवार को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वार्ता करते कांग्रेसजन।

इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने कहा कि दो दिन पूर्व यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत के नेतृत्व में विभिन्न मुद्दों को लेकर कण्वाश्रम में स्थानीय विधायक के काफिले के समक्ष शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया था, लेकिन स्थानीय विधायक के दबाव में आकर कोटद्वार पुलिस द्वारा यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओ को पूछताछ के लिए कोतवाली बुलाया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं द्वारा प्रशासन का सहयोग करते हुए वार्ता की गई, परन्तु इसके बाद भी रात को पुलिस के द्वारा यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के घर जाकर उनके परिवारजनों पर दबाव बनाने का कृत्य किया गया, जो कि पुलिस प्रशासन का सत्ता के प्रति भक्तिभाव प्रदर्शित करता है और जो लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। वार्ता करने वालों में पूर्व कांग्रेस महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल, वर्तमान कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मीना बछ्वाण, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष, विजय रावत, धीरेंद्र बिष्ट, बृजमोहन सिंह नेगी, राजीव कपूर, मानसर सैनी, हिमांशु बहुखंडी, अंकुश घिल्डियाल और शुभम सुयाल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

**'जी.एम.ओ.यू.लि.' की ओर से**

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं**

83 वर्षो से उत्तराखण्ड की परिवहन सेवा में जन सेवारत

**हमारा ध्येय :-**

□सड़क सुरक्षा □समय पाबन्दी □व्यवहार कुशलता □सुरक्षित यात्रा

*हिमगिरी एक्सप्रेस 2×2 पुशबैक एवं 3×2 व 2×2 आरामदायक बस सेवायें ।

*13+1 सीटर सिंगल टायर स्टेज कैरेज एवं उससे अधिक वाहनों की यात्रा सुविधायें।

*कोटद्वार, श्रीनगर, कर्णप्रयाग एवं रामपुर (रुद्रप्रयाग) में शुद्ध डीजल, पेट्रोल एवं ल्युब्रीकेन्टस की सुविधा ।

*उत्तराखण्ड के चारधाम एवं हेमकुण्ड / लोकपाल तथा अन्य दर्शनीय स्थलों व शादी विवाह पार्टियों हेतु आरामदायक एवं सुविधायुक्त बसें हर समय उपलब्ध।

*उत्तराखण्ड में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को 20 प्रतिशत किराये में छूट।

*चारधाम यात्रा / लोकल यात्रा के लिए ऑनलाईन बुकिंग की सुविधा Redbus.com पर उपलब्ध है।

**( भाष्करानन्द भारद्वाज )**

**अध्यक्ष**

**एवं समस्त जी.एम.ओ.यू. परिवार**

नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार के समस्त नगरवासियों को

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

-: अपील :-

1. डेंगू के प्रकोप से बचने के लिये अपने आस-पास पानी इकट्ठा न होने दें।
2. स्वच्छ भारत अभियान में सहयोग करें।
3. नालियों में कूड़ा करकट न फेंके।
4. घरों का कूड़ा कूड़ेदान या कूड़े वाली गाड़ी में ही पृथक-पृथक डालें।
5. नगर निगम कोटद्वार द्वारा आरोपित करों का समय पर भुगतान करें।
6. नगर निगम कोटद्वार की सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान न पहुंचाये।
7. नगर निगम कोटद्वार को पॉलिथीन मुक्त बनाने में सहयोग करें।
8. सूखा एवं गीला कूड़ा अलग-अलग रखें एवं कूड़े को नगर निगम कोटद्वार के कूड़ा वाहन में ही डालें।
9. कूडे को न जलायें कूड़ा जलाना कानूनन अपराध है।
10. अपने पालतू जानवरों को लावारिश न छोडे ऐसा करने पर आप पर जुर्माना / सजा हो सकती है।



पी०एल० शाह
नगर आयुक्त
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।

शैलेन्द्र सिंह रावत
महापौर
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।

सदस्य पार्षदगण
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।

# बिजनौर जिले के वाहन चोर चार दो बाइकों के साथ कोटद्वार में गिरफ़्तार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक मोटर मैकेनिक सहित चार शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मौके पर पुलिस ने चोरी की दो मोटरसाइकिल सहित चोरी की मोटर साइकिल के पार्ट्स भी बरामद किये हैं।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ समय से कोतवाली में कोटद्वार क्षेत्र में वाहन चोरी की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थी। इन शिकायतों का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए कोतवाली कोटद्वार के अधिकरियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये थे। निर्देशों के क्रम में गठित प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी के पर्यवेक्षण व वरिष्ठ उप निरीक्षक अनिल चौहान के नेतृत्व में तीन विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। टीमों ने शहर में लगे लगभग 250 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का निरीक्षण किया। इस दौरान तीन संदिग्ध व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल ले जाते हुए नजर आये। इस पर टीमों ने संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए तथ्य संकलित किये। जिसमें प्रकाश में आया कि आरोपी नजीबाबाद क्षेत्र के आसपास के निवासी हैं और कुछ दिन से कोटद्वार के आसपास घूम रहे है। तीनों टीमों ने संयुक्त प्रयास से चोरी की घटनाओं में संलिप्त तीन आरोपियों मुकुल (23 वर्ष) पुत्र रामस्वरूप, निवासी- ग्राम कोटकादर, थाना- रायपुर, नगीना देहात, जिला- बिजनौर, वंश (21 वर्ष) पुत्र अनिल कुमार, निवासी- राजीव नगर, थाना- रायपुर, जनपद- देहरादून, सौरभ, (26 वर्ष) पुत्र बाबूराम, निवासी- ग्राम कोटकादर, थाना- रायपुर नगीना देहात, बिजनौर उत्तर प्रदेश को बीईएल रोड से एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने उक्त मोटरसाइकिल लगभग दो माह पूर्व कोटद्वार क्षेत्र के घराट रोड से चोरी की थी।

साथ ही बताया कि इनके द्वारा कोटकादार से चोरी की गई अन्य तीन मोटरसाइकिलों को कोटकादर, नजीबाबाद निवासी अजय नामक व्यक्ति को बेचा गया था, जो पेशे से मोटर मैकेनिक है। अजय द्वारा चोरी की मोटरसाइकिलों को खरीदकर उनके पुर्जे अलग-अलग काटकर बेचने का कार्य किया जाता था। इसके बाद पुलिस टीम ने अजय उम्र-22 वर्ष, पुत्र सुरेश चंद्र, निवासी- ग्राम कोटकादर, थाना- रायपुर नगीना देहात जिला- बिजनौर, उत्तर प्रदेश को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## इग्नू में नये सत्र में प्रवेश प्रारंभ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इग्नू अध्ययन केंद्र कोटद्वार में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। रविवार को केंद्र समन्वयक प्रोफेसर आर.एस. चौहान ने बताया कि इग्नू में प्रवेश लेने के लिए नव प्रवेशी व पुन: पंजीकरण कराने वाले छात्रों के लिए 31 जनवरी अंतिम तिथि रखी गई है। छात्र इग्नू की आधिकारिक वेब साइट WWW.IGNOU.AC.IN पर जाकर स्टूडेंट सर्विसेज के एडमिशन सेक्शन के माध्यम से ऑनलाइन/ओडीएल कार्यक्रमों में नव प्रवेश एवं पुन: पंजीकरण कर सकते हैं। कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी पोर्टल के प्रोग्राम सेक्शन में दी गयी है। बताया कि आवेदन जमा करने के लिए अपार आइडी अनिवार्य है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

सभी क्षेत्रवासियों, प्रबंध समिति सदस्यों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को

**गणतंत्र दिवस**

की

**हार्दिक शुभकामनाएं**

## आदर्श ग्रामीण इण्टर कॉलेज चंदक (बिजनौर)





**डॉ. बीरबल सिंह**
प्रबंधक

**श्री सुभाषचंद्र**
प्रधानाचार्य

## I.J.B. Charitable Multispeciality Hospital

NAGINA




Happy Republic Day

**77वें गणतंत्र दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं/दिली मुबारकबाद**



Master Mumtaz Ahmad
President



Dr. Mohd. Fayyaz Ansari
Manager



Farhan Mohammad Ansari
Managing Director

मास्टर इसरार अहमद, सचिव बैतूल माल, नगीना

समस्त नगरवासियों को 77वें

**गणतंत्र दिवस**

पर्व की

**हार्दिक शुभकामनाएं**

निवेदक
समस्त नगरवासी
कस्बा झालू

## ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

**इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)**
**आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।**

आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट

अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके ध्रुविका मोटर्स पर उपलब्ध है।



एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।

**सेल्स एग्जीक्यूटिव**
Male & Female

**मैकेनिक** Male

E&periance Minimum 1 Years

( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

# Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911